तुम पास पास रहना

तुम पास पास रहना तुम साथ साथ रहना,
राही नया नया हूँ हमराही बन कर रहना,

राहे है टेढ़ी मेढ़ी गलियां बड़ी अँधेरी,
ना कोई अशीना है वीरान दुनिया मेरी,
दिल के करीब रहना बन के हबीब रहना,
राही नया नया हूँ हम राही बनके रहना,
तूम पास पास रहना.......

जीवन के इस सफर में भूली हुई डगर में,
काफ़िल न हो मैं जाऊं माया के इस नगर में,
तुम यार बनके रहना गमख्वार बनके रहना,
राही नया नया हूँ हम राही बनके रहना,
तूम पास पास रहना.........

जाने बहार तुम हो दिल का करार तुम हो,
खमोश जिंदगी के साजो का तार तुम हो,
मेरे लबो पे हरदम तुम नगमा बनके रहना,
राही नया नया हूँ हम राही बनके रहना,
तूम पास पास रहना........

तुम मेरी जिंदगी हो तुम मेरी बंदगी हो,
मैं तुम में ही खो जाऊं एक तुम में रूह जमी हो,
नित नव मिलन के रोज पैगाम देते रहना,
राही नया नया हूँ हम राही बनके रहना,
तूम पास पास रहना.........

स्वर : विनोद अग्रवाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4406/title/tum-paas-paas-rehna-tu-sath-sath-rehna-rehna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |